# 5261 - हज्ज में सामर्थ्य क्या है

**प्रश्न**

हज्ज में सामर्थ्य और क्षमता से क्या अभिप्राय है?

**विस्तृत उत्तर**

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह तआला के लिए योग्य है।.

हज्ज के लिए सामर्थ्य यह है कि आदमी शारीरिक रूप से स्वस्थ हो और अल्लाह के पवित्र घर तक पहुंचने के लिए अपनी स्थिति के अनुसार परिवहन (ट्रांस्पोर्ट) जैसे हवाई जहाज या कार (गाड़ी) या जानवर की सवारी अथवा उनका किराया भुगतान करने की क्षमता रखता हो। तथा उसक पास इतना परितोष हो जो उसके आने जाने के खर्च के लिए पर्याप्त हो, इस शर्त के साथ कि यह उन लोगों के खर्चों से अधिक हो जिनका उसके ऊपर खर्च (भरणपोषण) अनिवार्य है यहाँ तक कि वह अपने हज्ज से वापस आ जाए, तथा महिला के साथ उसके हज्ज या उम्रा के सफर में उसका पति या उसका कोई महरम होना चाहिए।